सार-समाचार

राष्ट्रीय लोक अदालत आठ को

रामगंजमंडी, (निसं)। शहर में 08 मार्च शनिवार को अदालत परिसर में सुबह 10 से सायं 05 बजे तक राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसमें रामगंजमण्डी व चेचट सहायक अभियंता जयपुर डिस्कॉम कार्यालय से सम्बंधित बिजली बिलों व अन्य विवादों का समाधान किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए विष्णुदत्त लोधा अधिशाषी अभियंता जयपुर डिस्कॉम रामगंजमण्डी ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी पीडीसी उपभोक्ताओं के बकाया राशि के निस्तारण के लिए अदालत द्वारा उपखंड कार्यालय रामगंजमण्डी व चेचट के अंतर्गत आने वाले बकायेदार पीडीसी (जिन उपभोकताओं के बिजली कनेक्शन पूर्व से कटे हुए हैं) उपभोक्ताओं को समझौता हेतु नोटिस जारी किये गये हैं।इसमें जिन्हें भी नोटिस जारी किया गया है, वे उक्त तिथि को जरूर पधारें एवं उचित समाधान के साथ कनेक्शन को पुन: चालू करवा सकते हैं।अत: इस स्वर्णिम अवसर का लाभ अवश्य लेवें, यह अंतिम अवसर है। किसी भी पीडीसी और डीसी उपभोक्ता को अपने बिल से सम्बंधित पक्ष रखने का अवसर है।विगत 28 फरवरी को लोक अदालत में कई उपभोक्ताओं का माननीय अदालत द्वारा पक्ष सुनकर उनका निस्तारण भी किया गया है। जो भी उपभोक्ता किसी कारणवश 28 फरवरी को लोक अदालत में नहीं आ सके हैं। वे 8 मार्च शनिवार से पूर्व भी अपने अपने सहायक अभियंता कार्यालय रामगंजमण्डी व चेचट में अपने नोटिस लेजा कर अपना पक्ष रख सकते हैं एवं अपने बकाया बिल का निस्तारण/सेटलमेंट भी करवा सकते हैं।

रविकाश फाइनेंशियल की बूंदी शाखा शुरू

जयपुर (निसं)। रविकाश फाइनेंशियल का विस्तार करते हुए बुधवार को बूंदी में 28वीं नवीन शाखा का शुभारम्भ किया गया। रविकाश के डायरेक्टर विकास ओझा और रवि ढींगरा ने फीता काटकर बूंदी शाखा का शुभारम्भ किया। डायरेक्टर विकास ओझा ने बताया कि बूंदी शाखा का नेतृत्व लोकेशन हेड की भूमिका में निर्मला मीणा करेंगी जबकि क्लस्टर हेड मनोज गुप्ता और रीजनल सेल्स मैनेजर सोमेंद्र सिंह राजावत होंगे।

भगवान झूलेलाल के चेट्रीचण्ड्र महोत्सव के कलेण्डर का विमोचन

कोटा, (निसं)। जय शिव शंकर पूज्य सिन्धी पंचायत समिति सेक्टर-4 महावीर नगर विस्तार योजना कोटा के तत्वावधान में आयोजित होने वाले चेट्रीचण्ड्र महोत्सव 2025 के कलेण्डर का विमोचन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं पूज्य सिंधी जनरल पंचायत अध्यक्ष ओम आडवानी द्वारा किया गया। बिरला ने इस अवसर पर कहा कि सिंधी समाज द्वारा प्रतिवर्ष मनाये जाने वाले चेट्रीचण्ड्र महोत्सव में निकाले जाने वाली शांतिपूर्व शोभायात्रा अन्य समाजों के लिये प्रेरणादायी है। पंचायत के अध्यक्ष शमशेर परमानी ने बताया कि इस कलेण्डर में सिंधी समाज के त्यौहारो के अलावा अमावस्या (उमास), पूर्णिमा (सत्यनारायण), चन्ददर्शन (चन्ड्र), गणेश चतुर्थी (चौथ), एकादशी (शुक्ल पक्ष) व कृष्ण पक्ष की जानकारियाँ इस कलेण्डर के माध्यम से मिल सकेगी। इस अवसर पर पूज्य सिंधी जनरल पंचायत कोटा के महामंत्री पुरूषोत्तम छाबड़िया, प्रेम भाटिया, गिरधारीलाल पंजवानी, भुवनेश बबलानी, प्रताप बजाज, प्रताप राय, विमल परियानी, सतपाल चावला, रवि बृजवानी पंचायत के देवीचन्द दरियानी, श्रीचन्द चौथवानी, दीपक चुग्घ, विक्की चौथवानी, राजेश दासवानी एवं काफी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे।

स्कूल का वार्षिक उत्सव संपन्न

कोटा, (निसं)। मानसिक रूप से विकलांग बच्चों के लिए संचालित विद्यालय का वार्षिक उत्सव समारोह मनाया गया इस समारोह में विकलांग बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देखकर सबको मोहित कर दिया व शिविका स्कूल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा स्थापित विद्यालय की अध्यक्ष अंजू अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थी जयंत विजय पूनम गोस्वामी मोहित राजन आवेश खान आदिल किरण स्नेहा मंगिया आदि ने शानदार प्रस्तुत दी इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि कोटा विश्वविद्यालय के कुलपति कैलाश सोडाणी विशिष्ट अतिथि कोषाधिकारी आशीष शर्मा रोट री क्लब के अध्यक्ष मुकेश व्यास नगर निगम कोटा दक्षिण के नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी प्रोफेसर अरुण शर्मा राकेश अग्रवाल प्रज्ञा मेहता समाजसेवी जीडी पटेल ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए पुरस्कार वितरित किए अंजू अग्रवाल व संगीता माहेश्वरी ने सभी का आभार प्रकट किया जिन्होंने मानसिक रूप से विकलांग बच्चों का मनोबल बढ़ाने में सहयोग प्रदान किया।

सुवालका का स्वागत

कोटा, (निसं)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा राजीव गांधी पंचायती राज संगठन जिला अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी बनने के बाद काँग्रेस नेता अनिल सुवालका ने पीसीसी महासचिव अमित धारीवाल से मुलाकात की। इस अवसर पर पूर्व मंत्री कोटा उत्तर विधायक शांति धारीवाल का आभार जताया। सुवालका का जिलाध्यक्ष बनने पर स्वागत किया गया कार्यक्रम में युवा काँग्रेस नेता गर्वित धारीवाल, एससी काँग्रेस के जिलाध्यक्ष दिनेश खटीक, ब्लॉक बी के अध्यक्ष ललित शर्मा, पार्षद मोहन मेघवाल, दीपक नागर, लटूर सैनी, जितेंद्र केवट, अबिमन्यु सुराणा, मुरारी मीणा, प्रशांत हाड़ा टोनी, अशोक मेघवाल, मंडल अध्यक्ष, शिवराज शर्मा, चंद्रप्रकाश सैनी, पिन्टू सुवालका, सुशील शर्मा, नकुल सुवालका, संजय सिंह, शेरू सुवालका, सुरेंद्र बैरवा आदि मौजूद रहे।

धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। जवाहर नगर पुलिस टीम ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। जवाहर नगर थानाधिकारी रामलक्ष्मण गुर्जर ने बताया कि फर्जी दस्तावेज तैयार कर पिता के मकान को बेचने के मामले में पूर्व मे पकड़े गये चेतन यादव से अनुसंधान के बाद वांछित चल रहे आरोपी रेबापुरा हाल गुमानपुरा निवासी गजानन्द रेबारी उर्फ पप्पु को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी ने बताया कि 1 सितम्बर 2021 को फरियादी ने अपने पुत्र चेतन यादव के खिलाफ फर्जी दस्तावेज तैयार कर उसके मकान को बेचने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दी थी। जिसमें अनुसंधान करते हुए पूर्व मे चेतन यादव को गिरफ्तार किया था। मामले में अनुसंधान करते हुए वांछित आरोपी गजानन्द रेबारी को भी गिरफ्तार किया गया है।

पीएनबी का ऋण मुक्ति शिविर आयोजित

कोटा, (निसं)। पंजाब नेशनल बैंक द्वारा 7 मार्च को पंजाब नेशनल बैंक मण्डल कार्यालय कोटा सहित मण्डल कार्यालय के अंतर्गत आने वाली समस्त शाखाओं में ऋण मुक्ति शिविर का आयोजन किया जा रहा है ऋण मुक्ति शिविर का उद्देश्य एन.पी.उधारकर्ताओं को विशेष छूट प्रदान कर उन्हें ऋण मुक्त करना है। एन.पी.ए उधारकर्ता अपने खातों का निपटान एक मुश्त समझौते के अंतर्गत कराकर न्यायिक व्यवधानों से मुक्ति पा सकते हैं। ऋण मुक्ति शिविर, कोटा के मण्डल प्रमुख हनीफ मोहम्मद के नेतृत्व में आयोजित किया जाएगा। योजना से सम्बंधित किसी भी जानकारी के लिए पंजाब नेशनल बैंक की समस्त शाखाओं एवं मंडल सस्त्रा कार्यालय कोटा से संपर्क किया जा सकता है।

होली के उपहार दिए

कोटा, (निसं)। सिन्धी सभ्यता मंडल द्वारा अशोका कॉलोनी स्थित नारी शाला में असहाय एवं जरूरतमंद महिलाओं को एक माह की राशन सामग्री का वितरण किया गया। महासचिव प्रकाश वीर नाथानी ने बताया जरूरतमंद महिलाओं को दैनिक जीवनयापन की आवश्यक सामग्री वितरण के साथ-साथ आगामी होली के त्यौहार को देखते हुए गुलाल मिठाई एवं अन्य उपहारों का भी वितरण किया गया। पवन खूबचंदानी ने बताया वृद्ध आश्रम में रह रही महिलाओं को भी मिठाई एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर विजय निभानी, हरीश पंजवानी, कल्पित रोहिड़ा, गोविंद मखीजा, रमेश वाधवानी, धनराज आडवाणी एवं अन्य ने सेवा कार्य में सहयोग किया।

कोटा नागरिक सहकारी बैंक की दादाबाड़ी शाखा का भव्य स्थानांतरण समारोह सम्पन्न

कोटा, (निसं)। कोटा नागरिक सहकारी बैंक लि. की दादाबाड़ी शाखा का नवीन परिसर में स्थानांतरण समारोह बुधवार को आयोजित किया गया। दादाबाड़ी मेन रोड़ स्थित अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इस नवीन शाखा का लोकार्पण लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के द्वारा फीता काटकर किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए ओम बिरला ने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र के सतत विकास ने देश को आर्थिक मजबूती प्रदान की है।

आधुनिक बैंकिंग सेवाओं के माध्यम से आज देश के कोने-कोने में वित्तीय समावेशन का सपना साकार हो रहा है।

कोटा नागरिक सहकारी बैंक के नए भवन का लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने फीता काटकर उद्घाटन किया है। इस दौरान अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला भी मौजूद रहे।

- **बैंकिंग क्षेत्र के विकास को आर्थिक प्रगति का आधार बताया**

सहकारिता केवल आर्थिक व्यवस्था नहीं, बल्कि 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' के मूल मंत्र पर आधारित सामाजिक आंदोलन है, जो आपसी सहयोग, आत्मनिर्भरता और आर्थिक समृद्धि का सशक्त माध्यम है। विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने में सहकारी संस्थाएं आर्थिक सशक्तिकरण का मजबूत आधार हैं।

डिजिटल तकनीकों और पारदर्शिता को अपनाकर सहकारी बैंक समाज के हर वर्ग को वित्तीय रूप से सक्षम बनाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि बैंकिंग सेवाओं की डिजिटल पहुंच ने सूदखोरों की व्यवस्था पर अंकुश लगाया है और छोटे व्यापारियों, किसानों से लेकर रिक्शा चालक तक सभी को सशक्त बनाया है। 'भारत आज विश्व का ऐसा देश बन चुका है, जहां बैंकिंग के विविध आयामों के माध्यम से आमजन को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है,' उन्होंने कहा मुद्रा लोन जैसी योजनाओं से छोटे व्यापारियों को आर्थिक संबल मिला है। बैंक अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला ने कहा कि बैंक अपनी पारदर्शिता, विश्वसनीयता और सेवा के प्रति प्रतिबद्धता के साथ नवीन परिसर में सेवाएं जारी रखेगी। उन्होंने बताया कि दादाबाड़ी शाखा वर्ष 1985 से कार्यरत है और वर्तमान में शाखा के पास 218.50 करोड़ रुपये की जमाएं एवं 69 करोड़ रुपये के ऋण प्रबंधन हैं।

बैंक की प्रबंध निदेशक बीना बैरवा ने जानकारी दी कि बैंक की स्थापना वर्ष 1962 में मात्र 32 सदस्यों के साथ की गई थी, जो अब बढ़कर 6319 सदस्यों तक पहुंच चुकी है। वर्तमान में बैंक की कुल जमा राशि 833.45 करोड़ रुपये, ऋण 436.82 करोड़ रुपये और कार्यशील पूंजी 1033.90 करोड़ रुपये है। बैंक का कुल व्यवसाय 1062 करोड़ रुपये है। बैंक को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा सुदृढ़ वित्तीय स्थिति वाला बैंक घोषित किया गया है। बैंक एटीएम, मोबाइल बैंकिंग, नेफ्ट आरटीजीएस एवं लॉकर जैसी आधुनिक सेवाएं प्रदान कर रहा है। विभिन्न ऋण सुविधाओ के साथ वाहन की ऋण सुविधा भी शुरू कर दी गई है।

समारोह में लोकसभा अध्यक्ष ने बैंक के पुराने सदस्यों को माला एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन बैंक के उपाध्यक्ष हेमराज सिंह हाडा एवं प्रबंध निदेशक बीना बैरवा ने किया। इस पर भाजपा कोटा जिलाध्यक्ष राकेश जैन, कोटा देहात भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेम गोचर, सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक के प्रबंध निदेशक बलविंदर सिंह गिल, उप रजिस्ट्रार कोटा राजेश मीणा सहित अनेक राजनेता, प्रशासनिक अधिकारी, बैंक अंशधारक एवं शहर के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

बैंक संचालक मंडल के सदस्यों में उपाध्यक्ष हेमराज सिंह हाडा, महेंद्र कुमार शर्मा, सुरेश चंद्र काबरा, शैलेन्द्र ऋषि,महावीर सुवालका, अशोक कुमार मीणा, नंदलाल प्रजापति, राकेश जैन, नवनीत जाजू, प्रेम भाटिया, पद्मिनी हाडा, अरूण भार्गव, प्रेम भाटिया, तनीशा बादल व बोम अध्यक्ष ओम माहेश्वरी, बोम संचालक नीतिन विजय, महेशचंद अजमेरा, सुरेन्द्र गोयल विचित्र भी उपस्थित रहे।

कर जमा कराने की अन्तिम तिथि 15 मार्च

रामगंजमण्डी, (निसं)। परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग में वाहन स्वामियों को राहत देने के लिए तीन एमनेस्टी योजना लागू की है। इन योजनाओं के तहत् ई-रव्वना ओवरलोडिंग चालान में छूट, नष्ट हो चुके वाहनों के पंजीयन प्रमाण-पत्र निरस्तीकरण की सुविधा और पुराने बकाया कर पर नई पेनल्टी की दरें तय की गई है।

जिला परिवहन अधिकारी रामचरण मीणा ने बताया की खनिज विभाग से प्राप्त ई रव्वना के तहत् ओवरलोडिंग के मामलों में बनाये चालानों में 95 प्रतिशत तक की छूट है तथा जिन यात्री व भार वाहनों का अस्तित्व समाप्त हो चुका है, उनके लिए एमनेस्टी योजना में बकाया कर की 100 प्रतिशत की छूट लागू की गई है। वाहन स्वामी अपने नष्ट वाहनों के पंजीयन प्रमाण पत्र निरस्त करवाकर प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि कई पुराने वाहन स्वामियों के नाम पर कर बकाया होने के कारण उनके अन्य वाहनों को भी ब्लॉक कर दिया था।अब वह निर्धारित प्रक्रिया पुरी कर 100 प्रतिशत पेनल्टी व ब्याज में छूट का लाभ उठा सकते हैं, भार वाहनों के कर जमा कराने की अन्तिम तिथि 15.03.2025 है। इन भार वाहनों का कर देरी से जमा कराने पर प्रतिमाह पेनल्टी दर 1.5 से बढाकर 3 प्रतिशत कर दी गई है।

अत: वाहन स्वामियों से अपील की जाती है कि ई-रव्वना के ओवरलोड चालानों पर 95 प्रतिशत और नष्ट हुए वाहनों पर 100 प्रतिशत छूट का लाभ उठाएं। साथ ही भार वाहनों का कर 15.03.2025 से पूर्व ही जमा करावें। जिससे अनावश्यक पेनल्टी व जुर्माने से बचा जा सके। समस्त प्रकार के वाहनों का कर वाहन सिटीजन पोर्टल पर व्हीकल रिलेटेड सर्विस पर जाकर वाहन के रजिस्टर्ड नं.दर्ज किया जाकर कर ऑनलाईन जमा होगा।

अवैध देशी शराब सहित दो आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। बोरखेड़ा पुलिस टीम ने इलाके में गश्त के दौरान कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को अवैध देशी शराब के पव्वों सहित गिरफ्तार किया।

बोरखेड़ा थानाधिकारी देवेश भारद्वाज ने बताया कि थाने के सहायक उपनिरिक्षक करतार सिंह ने मय जाप्ता इलाके में गश्त के दौरान रोयल पाम मल्टी के पीछे कैनाल रोड बजरंग नगर से अवैध रूप से शराब का विक्रय करते 62 पव्वो सहित कृष्णा नगर निवासी विजेन्द्र सिंह खींची उर्फ बंटी सिगरेट (30) को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी देवेश भारद्वाज ने बताया कि वही थाने के सहायक उपनिरिक्षक शिवराज ने मय जाप्ता इलाके में गश्त के दौरान कार्यवाही करते हुए समृद्वि नगर के पास बोरखेड़ा से अवैध शराब का विक्रय करते हुए 60 पव्वों सहित बोरखंडी निवासी आकाश को गिरफ्तार किया। पकड़े गये दोनों आरोपियों से अनुसंधान जारी हैं।

'यात्रियों को कोटा रेलवे स्टेशन पर अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेंगी'

कोटा, (निसं)। राजस्थान प्रदेश के कोटा रेलवे स्टेशन को पुनर्विकसित करने का कार्य डीआरएम अनिल कालरा के नेतृत्व में विश्वस्तरीय तर्ज पर किया जा रहा है।

कोटा रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास कार्य 207.63 करोड़ की लागत से किया जा रहा है जिसे पूरा करने का लक्ष्य अप्रैल, 2025 निर्धारित किया गया है। वर्त्तमान में कोटा स्टेशन का पुनर्विकास कार्य 53.8 फीसदी तक पूरा हो चुका है।

स्टेशन का पुनर्विकास कार्य तीव्रता के साथ गुणवत्तापूर्ण मानकों तत्वों को ध्यान में किया जा सकें इसके लिए डीआरएम द्वारा नियमित रूप से निरीक्षण किया जा रहा है। स्टेशन के 6765 वर्गमीटर में 02 आगमन ब्लॉक एवं 01 प्रस्थान ब्लॉक का निर्माण किया जायेगा, जहाँ अत्याधुनिक सुविधाएं मौजूद रहेगी।

स्टेशन पर वीआईपी लाउन्ज, वेटिंग रूम, फुड प्लाजा और क्योस्क जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराए जाएंगी।

- **आकर्षक भव्य डिजाईन के साथ पुनर्विकसित स्टेशन पर 08 लिफ्ट एवं 14 एस्कलेटर का प्रावधान**

प्लेटफार्म नंबर 1 और 3 को जोड़ने की 2100 वर्गमीटर में कॉनकोर्स एरिया का निर्माण किया जायेगा।

वहीं यात्रियों की सुविधा के लिए 08 लिफ्ट एवं 14 एस्कलेटर का प्रावधान किया गया है। ये पूरा स्टेशन दिब्यांग फ्रेंड्ली होगा तथा पार्किंग की सुविधा भी उपलब्ध होगी।

यात्री सुरक्षा एवं संरक्षा को ध्यान में रखते हुए सीसीटीवी कैमरे भी लगाये जायेंगे। पर्यावरण सरंक्षण के लिए स्टेशन को ग्रीन बिल्डिंग के रूप में विकसित किया जायेगा और साथ ही सौर ऊर्जा एवं जल सरंक्षण की व्यवस्था भी की जाएगी।

भविष्य में पुनर्विकसित कोटा स्टेशन विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराएगा और साथ क्षेत्र का आर्थिक विकास भी करेगा। कोटा स्टेशन को पुनर्विकसित करते समय स्टेशन डिजाइन के मानक तत्वों को ध्यान में रखते हुए कार्य किया जा रहा है।

फ्रंट साईड स्टेशन भवन का निर्माण। दो मंजिला भवन जिसमें एक मध्यवर्ती मेजानाइन तल में निम्न सुविधाएं रहेंगी। भूतल पर प्रस्थान और आगमन ब्लॉक, टिकट काउंटर, प्रतीक्षालय, क्लॉक रूम, वीआईपी लाउंज, कार्यालयों की सुविधा। मेजेनाइन फ्लोर जिसमें रिटायरिंग रूम, स्टोर रूम और कार्यालय।

पहली मंजिल में प्रतीक्षालय (सामान्य और महिला), डोरमेट्री, भोजनालय, बजट होटल, शिशु आहार कक्ष, कियोस्क हैं। रियर साइड स्टेशन भवन का निर्माण। दो मंजिला भवन जिसमें एक मध्यवर्ती मेजानाइन तल में निम्न सुविधाएं रहेंगी।

भूतल पर प्रस्थान और आगमन ब्लॉक, टिकट काउंटर, प्रतीक्षालय, क्लॉक रूम और अन्य सुविधाएं। मेजेनाइन फ्लोर जिसमें ऑफिस स्पेस आदि। प्रथम तल में प्रतीक्षालय, डोरमेट्री, रिटायरिंग रूम, कियोस्क रहेंगे। सभी प्लेटफार्मों पर सीओपी का प्रावधान। स्टेशन भवनों, पार्किंग और यात्री सुविधाओं आदि के लिए दिव्यांगजनों के अनुकूल पहुंच का विकास। दो नए यात्री प्लेटफार्म का निर्माण और मौजूदा प्लेटफार्म का चौड़ीकरण। फ्रंट और रियर स्टेशन बिल्डिंग तथा सभी प्लेटफार्मों को जोड़ने वाले नए कॉनकोर्स का निर्माण। थ्रू रूफ का निर्माण, प्लेटफॉर्म और रेलवे ट्रैक को कवर करना।

फ्रंट और रियर साईड पर सर्कुलेटिंग एरिया और पार्किंग सुविधाओं का विकास। स्टेशन के दोनों ओर सर्कुलेटिंग एरिया में लैंडस्केपिंग रहेगी। लिफ्ट, एस्केलेटर, सौर संयंत्र होगा। यात्री सूचना प्रदर्शन प्रणाली, यात्री घोषणा प्रणाली, सीसीटीवी प्रणाली, कोच इंडिकेशन और ट्रेन इंडिकेशन बोर्ड की सुविधा होगी।

एनएसएस सात दिवसीय शिविर संपन्न

कोटा, (निसं)। राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। आरटीयू के सह जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य युवाओं में समाज सेवा की भावना जागृत करना और उनके सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना था। एनएसएस चीफ कॉ-ऑर्डिनेटर डॉ.राजेश भट्ट के संयोजन में योग सत्र, स्वच्छता अभियान, पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिता, नाटक एवं कविता पाठ, नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थी यों ने बढ़-चढ़कर सहभागीता निभाई। कुलपति प्रोफेसर एस.के.सिंह ने कहा कि 'एनएसएस न केवल सेवा का मंच है, बल्कि यह युवाओं को नेतृत्व, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी का पाठ भी सिखाता है।' उन्होंने कहा कि युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी ताकत है और यदि वे अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाएँ, तो समाज में बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। इस तरह के शिविर न केवल छात्रों को सेवा की भावना से जोड़ते हैं, बल्कि उनके व्यक्तिगत एवं सामाजिक कौशल को भी विकसित करते हैं। आपकी एकता और समर्पण इस बात का प्रमाण है कि हमारा राष्ट्र उज्जवल दिशा में आगे बढ़ रहा है। डीन फैकल्टी अफेयर्स प्रोफेसर दिनेश बिरला ने इस शिविर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि एनएसएस युवाओं को समाज के प्रति जागरूक और उत्तरदायी बनाता हैं।

जय मीनेश यूनिवर्सिटी में टारगेट बॉल टूर्नामेंट के चैंपियंस की अवार्ड सेरेमनी

कोटा, (निसं)। जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी टारगेट बॉल महिला एवं पुरुष वर्ग टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले बुधवार को ओलंपियन जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में खेले गए, जहां पर विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

टारगेट बाल टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में पुरुष वर्ग में संदीप यूनिवर्सिटी महाराष्ट्र ने चैंपियन का खिताब जीता, तो वही महिला वर्ग में भगवंत यूनिवर्सिटी अजमेर की टीम चौंपियन बनी। टारगेट बाल टूर्नामेंट क्लोजिंग सेरेमनी में मुख्य अतिथि राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय कोटा के कुलपति प्रोफेसर एसके सिंह और जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन आरडी मीना, कुलपति प्रोफेसर डीपी तिवारी और पूर्व आईपीएस बालमुकुंद वर्मा ने चैंपियंस को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन एंकर हरिराम किवाड़ा ने किया।

इस अवसर पर पूर्व जिला प्रमुख कमल मीणा, विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार एन.के. शर्मा, फॉर्मर डायरेक्टर आफ डिफेंस हेमराज मीणा, मीना विकास समिति के पूर्व अध्यक्ष पुष्प चंद मीणा, राधेश्याम मीणा, डॉ.डीएल मीणा, टारगेट बॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष सोनू शर्मा, ऑर्गेनाइजिंग कमेटी के सचिव डॉ. तीरथ सिंह समेत दर्जनों ऑफिशियल और सैकड़ो खिलाड़ी मौजूद रहे। टारगेट बॉल टूर्नामेंट के थर्ड रनर अप में पुरुष वर्ग में डॉक्टर प्रीति ग्लोबल यूनिवर्सिटी और सुरेश ज्ञान विहार यूनिवर्सिटी रही तथा महिला वर्ग में डॉ.प्रीति ग्लोबल यूनिवर्सिटी और तमिलनाडु यूनिवर्सिटी रही। इसी तरह सेकंड रनर अप पुरुष वर्ग में श्रीधर यूनिवर्सिटी पिलानी और महिला वर्ग में एशियन इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी मणिपुर रही।

- **महिला वर्ग में भगवंत यूनिवर्सिटी अजमेर और पुरुष वर्ग में संदीप यूनिवर्सिटी महाराष्ट्र रही विजेता**

पुरुष वर्ग में संदीप यूनिवर्सिटी महाराष्ट्र चैंपियन बनी और महिला वर्ग में भगवंत यूनिवर्सिटी अजमेर ने खिताब जीता। इस अवसर पर सभी टीम खिलाड़ियों ऑफिशल्स वॉलिंटियर्स और आयोजन समिति का सम्मान प्रतीक भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आरटीओ के कुलपति प्रोफेसर एसके सिंह ने खिलाड़ियों की शानदार परफॉर्मेंस के लिए बधाई दी और आगे भी लगातार अपने जीवन में लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बढ़ते रहने का संदेश दिया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डीपी तिवारी ने आए हुए मेहमानों, टीम खिलाड़ियों और ऑफिशियल्स का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय के स्टॉफ डॉ.मुक्ति पाराशर, डॉ.सुमन भारती, डॉ.सुरेश मीणा, डॉ.नमिता गोस्वामी, डॉ.रवि, डॉ संजय मीणा, डॉ.संजय कुमार, डॉ.रामावतार सैनी, जयराम मीणा, भरत शर्मा, तेजकरण, रविंद्र बावरिया, हॉस्टल वार्डन महेंद्र, अभिषेक मीणा, दीनदयाल, ओपी गुप्ता, महेंद्र मालीवाल और सचिन कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

खोया-पाया

मैं माया बाई W/o राजेन्द्र कुमार आम सूचना में प्रकाशित करती हूं कि मेरे क्रय शुदा प्लाट, क्रमश: प्लाट नं. 181 विद्यासागर नगर रंगतालाब/कालातालाब के वास्तविक दस्तावेज बोरखेड़ा रोड पर दिनांक 28.2.25 को कही गुम हो गए है। जिसकी F.I.R. संख्या L.R. No. 2654057/2025 है। जिस किसी व्यक्ति को मिले/प्राप्त हो इन नम्बर पर 8619078187 सूचित करें।

राजस्थान सरकार
कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग कोटा खण्ड कोटा

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त संबंधित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 10/2025

(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि अनिल कुमार जैन पुत्र श्री रोशन लाल जैन निवासी 121 ए सूरज भवन बल्लभबाडी कोटा द्वारा राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (2) के अंतर्गत प्रन्यास "अखिल भारतीय सनातन संवर्द्धन संस्थान कोटा" 121 ए सूरज भवन बल्लभबाडी कोटा के संबंध में पंजीयन हेतु जांच किए जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 60 दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्तियां यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें।

और सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित प्रक्रिया अनुसार निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रपत्र मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 03.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया। प्रकरण में आगामी सुनवाई की दिनांक 06.05.2025 है।

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग कोटा

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रू./2025/3383 **विज्ञप्ति** दिनांक:-20.2.2025

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम देवली अरब में स्थित कृषि भूमि योजना शुभ लाभ एनक्लेव भूखण्ड संख्या बी-52 खसरा नं. 179 से 183 आवेदक/आवेदिका श्रीमती रोशन सुमन पत्नि श्री महावीर सुमन निवासी ग्राम गलाना तहसील लाडपुरा जिला कोटा राज. द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखण्ड का पट्टा क्रमांक 1554 दिनांक 22.08.2023 को श्री रणजीत सिंह पुत्र श्री गोपाल सिंह के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी द्वारा उक्त भूखण्ड का बैचान जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 11.09.2024 को जर्ये मुख्तारआम श्री मंजूर आलम पुत्र श्री अब्दुल गफूर द्वारा आवेदक के पक्ष में किया गया है।

अत: श्रीमती रोशन सुमन पत्नि श्री महावीर सुमन के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रू./2025/3458 **विज्ञप्ति** दिनांक:-05.03.2025

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम मानपुरा में स्थित कृषि भूमि योजना समृद्धि नगर स्पेशल भूखंड संख्या एच-5 उत्तरी भाग खसरा नं. 88 आवेदक/आवेदिका श्री कपील वर्मा पुत्र स्व. श्री शिव नारायण वर्मा निवासी म.नं. 70 प्रताप नगर प्रथम देवली अरब रोड बोरखेडा कोटा द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखंड का पट्टा क्रमांक 430 दिनांक 12.11.2014 को अतुल विजय पुत्र श्री जगमोहन विजय के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी द्वारा उक्त भूखंड का बैचान जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 26.04.2017 को अभिमन्यु शर्मा पुत्र श्री कैलाश प्रसाद शर्मा के पक्ष में जारी किया गया। जिसका नाम हस्तान्तरण आदेश क्रमांक 88 दिनांक